विचारार्थ बिंदु

परामर्शदाता (डाटा एनालिस्ट) (जेएसके यूनिट)

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्लू) की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं और उत्तरदायित्व:-

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय) के तहत कार्यक्रम के प्रमुख संकेतकों के संदर्भ में जनसंख्या से जुड़े क्रियाकलापों की निगरानी और इनके क्रियान्वयन में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की सहायता करना।
2. कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए विभागों (केंद्र, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और अन्य शामिल हितधारक) की संचालनात्मक और तकनीकी अपेक्षाओं को समझना और इन अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए इनके लिए गुणवत्तापूर्ण और मानक संकल्प दस्तावेज, डिजाइन दस्तावेज, कार्यवाही प्रवाह दस्तावेज, कार्यान्वयन ढांचा, दिशानिर्देश, प्रोटोकॉल और यूजर मैनुअल तैयार करना।
3. स्थितिजन्य विश्लेषण करना और प्रशिक्षण संबंधी अपेक्षाओं का मूल्यांकन करना तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन/आयोजन की कार्य पद्धतियों का खाका तैयार करना।
4. विश्लेषणात्मक ढांचे को प्रचालनरत करने तथा इसे मौजूदा जेएसके/आरसीएच प्रणालियों के साथ समेकित करने के लिए सरकार/मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संपर्क स्थापित करना।
5. विभिन्न रिपोर्टों/अध्ययनों/एमआईएस आंकड़ों/ सर्वेक्षण रिपोर्ट के विश्लेषण में सहायता करना और आउटपुट/विश्लेषण के आधार पर राज्यों में जनसंख्या संबंधी संकेतकों के संदर्भ कार्य सुझाना।
6. जेएसके यूनिट के लिए आवश्यक वित्तीय रिकॉर्डों को रखना और आवधिक रूप से इनका अद्यतन करना।
7. डाटाबेस (प्रापण, प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रशिक्षुओं का डाटाबेस, अनुभवी परामर्शदाता के दौरे आदि) का रखरखाव और नियमित अद्यतन सुनिश्चित करना।
8. प्रगति रिपोर्टों को समय पर तैयार करने के लिए संबंधित समन्वयकों के साथ तालमेल करना।
9. आंकड़ा विश्लेषण के परिणामों से उच्च अधिकारियों को अवगत कराना ताकि निर्णय लेने में सहायता मिल सकें।
10. जेएसके यूनिट से संबंधित लेखाओं और वित्तीय मामलों से जुड़े सभी मामलों को प्रोत्साहन देना तथा लेखाकरण प्रक्रिया का प्रबंधन करना।
11. जेएसके इकाई के लिए वार्षिक और तिमाही बजट तैयार करना।
12. व्यय संबंधी विवरण (एसओई) तैयार करना तथा इसे समय पर जेएसके इकाई को प्रेषित करना।
13. व्यय की निगरानी करना तथा राज्य से उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करना।
14. ऐसे अन्य कार्यों का निष्पादन, जो समय-समय पर रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा सौपे जाते हैं।

पात्रता एवं कौशल:

- एमसीए/एम.काम/एमबीए (सूचना प्रौद्योगिकी/प्रणाली)
- केंद्र/स्वायत्त निकाय/राज्य/यूटी के साथ कम से कम दो वर्ष का कार्य अनुभव जिसमें से कम से कम एक वर्ष सार्वजनिक स्वास्थ्य में कार्य किया हो।
- एमएस ऑफिस (वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट और एक्सेस) के साथ-साथ एसपीएसएस, एसटीएटीए आदि जैसे अन्य सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर पैकेज का ज्ञान
- आंकड़ा एकत्रण, विश्लेषण और रिपोर्टों को तैयार करने के लिए टूल्स और कार्य नीतियां बनाने में अनुभव
- अंग्रेजी में उत्कृष्ट संचार एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषक एवं अंतर वैयक्तिक क्षमताएं, उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संचार कौशल
- हिंदी का कार्य साधक ज्ञान भी वांछनीय है।

- किसी बहु विषयीय दल परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की यात्रा करने की तत्परता तथा कार्यों की समय सीमा को पूरा करने हेतु विभिन्न कार्यों को साथ-साथ करने की क्षमता होना।
- केंद्र/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के स्वास्थ्य विभागों के साथ कार्य अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

आयु: आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तारीख को अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष।

पारिश्रमिक सीमा- 60,000/- रुपए से 1,20,000/- रुपए प्रतिमाह

स्थान: राज्यों और जिलों की यात्रा करने की इच्छा के साथ नई दिल्ली।

आवेदन करने हेतु : अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रपत्र जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड पर दिया गया है, को डाउनलोड करें तथा दिनांक **6-May-2019** तक आवेदन पूर्णतया भर कर jsk.mohfw@gmail.com को ई-मेल करें। अन्य रूप से भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र में आवेदित पद का उल्लेख किया गया है अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।